संख्या-1/2023/आई/283431/2023-23-4099(099)/21/2022

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 02/03/2023**

विषय- श्री विनोद कुमार कश्यप, सेवानिवृत्त अवर अभियंता (प्रा0) के स्वयं की चिकित्सा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-292व्यघ/19710व्यघ/22 दिनांक 01.02.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 सरकारी सेवकों की चिकित्सा परिचर्या नियमावली 2011(यथा संशोधित) के निहित प्राविधानों के अंतर्गत प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित किये गये अधिकारों के अन्तर्गत श्री विनोद कुमार कश्यप, सेवानिवृत्त अवर अभियंता (प्रा0) द्वारा स्वयं के एम्स, नई दिल्ली में दिनांक 08.01.2021 से दिनांक 02.11.2021 तक कराये गये चिकित्सा पर हुए व्यय रू0 9,44,891/- के सापेक्ष एम्स, नई दिल्ली की दरों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा भुगतान हेतु संस्तुत धनराशि **रू0 9,44,891/- (रू0 नौ लाख चौवालीस हज़ार आठ सौ इक्यानबे मात्र**) की चिकित्सा प्रतिपूर्ति किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- उक्त चिकित्सा दावे से सम्बन्धित बिल/बाउचर्स, अनिवार्यता प्रमाण पत्र आदि समस्त अभिलेख मूलरूप में संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि उक्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे का भुगतान किये जाने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि सम्बन्धित बिलों का भुगतान इसके पूर्व नहीं हुआ है। प्रश्नगत चिकित्सा दावे का भुगतान करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाय कि यदि उक्त चिकित्सा हेतु कोई चिकित्सा अग्रिम स्वीकृत किया गया हो तो उसे समायोजित कर लिया जाय।

3- उक्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-62 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक- "2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्त हित लाभ-01-सिविल-800-अन्य व्यय-04-राज्य सरकार के सेवानिवृत्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-0402-दिनांक 08 नवम्बर,2000 के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा उनके आश्रितों की विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-49 चिकित्सा व्यय" के नामे डाला जायेगा।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,
राजेन्द्र प्रसाद
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),उ0प्र0 प्रयागराज।
2- नोडल अधिकारी बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- वित्त नियंत्रक,लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4- मुख्य अभियंता, कानपुर क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग,कानपुर।
5- मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, कानपुर।
6- अधीक्षण अभियन्ता, रा0मा0 वृत्त, लोक निर्माण विभाग, कानपुर।
7- श्री विनोद कुमार कश्यप, सेवानिवृत्त अवर अभियंता (प्रा0) निवासी हाउस नं0-124ए/494 ए-ब्लाक गोविन्द नगर कानपुर नगर, पिन-208006
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राजेन्द्र प्रसाद
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।